# वाहन कंपनियां मिलकर देंगी ईवी बैट्री बदलने की सुविधा

**नई दिल्ली, एजेंसियां:** दोपहिया वाहन निर्माता प्रमुख कंपनियां होंडा, यामहा केटीएम एजी व पियाजियो ने ईवी बैट्री स्वैपिंग सुविधा देने के लिए कंसोर्टियम बनाने का एलान किया है। इसका मतलब यह है कि ग्राहक इन कंपनियों की ईवी की बैट्री इनमें से किसी भी कंपनी से ले सकेंगे। इससे ईवी के भविष्य को लेकर कई आशंकाएं दूर हो जाएंगी। इस तरह, कार्बन जनित प्रदूषण दूर करने की दिशा में ईवी का इस्तेमाल तेजी से बढ़ने की उम्मीद भी जग गई है।

बैट्री बदलने की सुविधा फिलहाल मोटरसाइकिल व छोटे इलेक्ट्रिक वाहनों तक रखी जाएंगी। इस प्रकार, यह सुविधा ईवी सेग्मेंट के मोपेड, मोटरसाइकिल, ट्राईसाइकिल व छोटी कारों के लिए मिलेगी। इसके लिए कंपनियां मानक बैट्री के निर्माण की दिशा में अग्रसर हैं। कंपनियों ने कहा कि वैश्विक स्तर की इस पहल से जुड़ने के लिए अन्य वाहन निर्माताओं के लिए भी दरवाजा खुला है। होंडा मोटर के मैनेजिंग ऑफिसर (मोटरसाइकिल ऑपरेशंस) नोरियाकी एबी ने कहा कि नई पहल से कार्बन उत्सर्जन को कम करने में बड़ी मदद मिलेगी। यामहा मोटर के चीफ जनरल मैनेजर (मोटरसाइकिल बिजनेस ऑपरेशंस) तकूया किनोशिता ने कहा कि इससे ईवी के प्रति लोगों का विश्वास मजबूत होगा।

**वोल्वो 2030 से सिर्फ इलेक्ट्रिक वाहन बनाएगी:** स्वीडन की दिग्गज वाहन निर्माता कंपनी वोल्वो 2030 से केवल इलेक्ट्रिक व्हीकल बनाएगी। इसका एलान करते हुए कंपनी ने कहा कि पेट्रोल-डीजल आधारित वाहनों के साथ-साथ हाइब्रिड गाड़ियों का निर्माण भी चरणबद्ध तरीके से बंद किया जा रहा है।